कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Mo. No.- 9473942677
Email Id- jalnigam3@gmail.com

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 10490 / एम–6 / 168 दिनांक 20-08-2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के हिन्दुस्तान ई–समाचार पत्र में दिनांक 18.08.2026 को ''नल लगा देने से नहीं चलेगा काम, घर तक पानी पहुॅचाना होगा'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के हिन्दुस्तान ई–समाचार पत्र में दिनांक 18.08.2026 को ''नल लगा देने से नहीं चलेगा काम, घर तक पानी पहुॅचाना होगा'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। समाचार पत्र में कुछ स्थानो पर नल कनेक्शन न मिलने का वर्णन किया गया है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि पेयजल योजना के निर्माण कार्य के दौरान इच्छुक ग्रामवासियों को नल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया था। तद्समय जिन ग्रामवासियों द्वारा नल कनेक्शन नहीं लिया गया था, वर्तमान में इच्छुक ग्रामवासियों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम में निहित गाइड लाइन के अनुसार बिखरी हुयी बसावटे/आबादी से दूर एकाकी घरों का समावेश योजना में न होने के कारण ऐसी बस्तियों/मजरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराना सम्भव नहीं हो सका है। समाचार पत्र में कुछ स्थलों पर जलापूर्ति प्राप्त न होने का वर्णन किया गया है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि शिरोपरि जलाशय से दूरस्थ बिन्दु पर स्थित कुछ घरों में जलापूर्ति प्रभावित है, जिसका कारण शिरोपरि जलाशय के नजदीक के ग्रामों में ग्रामवासियों द्वारा पेयजल बर्बादी किया जाना यथा खेत/क्यारियों का सिंचाई कार्य, टोटी खुला रखना, टुल्लू पम्प का प्रयोग किया जाना है। उक्त के कारण प्रेशर ड्रॉप हो जाने की वजह से शिरोपरि जलाशय से दूरस्थ बिन्दु, टेल एण्ड व ऊँचाई पर स्थित नलों में जलापूर्ति प्रभावित होती है। समाचार पत्र में वर्णित पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के क्रम में अवगत कराना है कि विभिन्न विभागों–विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, बी0एस0एन0एल0 आदि द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्यो के दौरान अत्यधिक मात्रा में पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने की घटना घटित होती रहती है। पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में यथाशीध्र मरम्मतीकरण कार्य करा दिया जाता है।

भवदीय

for अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता